दिनांकः 31.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में भीषण गर्मी और हीटवेव के साथ पानी, बिजली और मौसमी बीमारियों की रोकथाम सहित अन्य बिन्दुओं को लेकर आज जयपुर में समीक्षा बैठक कर रहे हैं। इसमें सभी जिलों के प्रभारी सचिवों के साथ जिलों के सभी वरिष्ठ अधिकारी शामिल हो रहे हैं। इससे पहले सभी विभागों के सचिवों को 30 मई तक प्रस्तुतिकरण देने को कहा गया था। उधर, प्रदेश के सभी जिलों में दो दिवसीय दौरे पर भेजे गए प्रभारी सचिवों को भी अपनी रिपोर्ट पेश करने को कहा गया था। बैठक में ई–फाइलिंग, संपर्क पोर्टल, पेयजल की व्यवस्था और वृक्षारोपण कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी। बैठक में सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव और सभी जिला प्रभारी सचिव मौजूद हैं। वहीं सभी संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर सहित सभी जिलों के बिजली, पी.एच.ई.डी., चिकित्सा, वन एवं पर्यावरण, ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हैं। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने आज सुबह मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

.....................................................

प्रदेश में अगले चार दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी आने से तेज गर्मी और लू से कुछ राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि आंधी बारिश की गतिविधियों से तेज लू का असर कम होगा।
विभाग ने नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभागों के कुछ भागों में आज से 2 जून तक बादल गरजने तथा तेज आंधी और बारिश की संभावना व्यक्त की है। हालांकि पिछले 24 घंटों में तापमान में कुछ कमी आने के बावजूद भी लोगों को तेज गर्मी से राहत नहीं मिल पाई है। 48 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ श्रीगंगानगर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। चूरू में पारा 47, फलौदी में 46 दशमलव 8 और बाड़मेर में 44 दशमलव 2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राज्य के अन्य स्थानों पर दिन का तापमान 44 से 46 डिग्री के बीच रिकॉर्ड हुआ।

.....................................................

देश में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत कल मतदान होगा। इस चरण में आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 57 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इसमें उत्तर प्रदेश की 13 सीटें, पंजाब की 13, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की तीन और चंडीगढ की एक सीट शामिल है।
प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह और टीएमसी के नेता अभिषेक बनर्जी सहित कई प्रमुख नेताओं का राजनीतिक भाग्य कल ईवीएम में बंद हो जाएगा।

.....................................................

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आज से चिकित्सा विभाग की ओर से प्रदेशभर में एक विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक चलने वाले इस अभियान के तहत तम्बाकू निषेध थीम पर रोजाना मैराथन, साइकिल रैली और प्रभात फेरी जैसे कार्यक्रम होंगे। अभियान के दौरान लोगों को रोजाना माए जी ओ वी पोर्टल पर तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई जाएगी। भरतपुर में इस मौके पर चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज जागरुकता रैली निकाली गयी। रैली में नर्सिंकर्मी और विद्यार्थी शामिल हुए। रैली के माध्यम से तम्बाकू उत्पाद के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया।

.....................................................

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पांच जून को जयपुर के नाहरगढ़ किले पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। जयपुर हेरिटेज नगर निगम की ओर से संचालित इस अभियान में सुबह 6 बजे से 9 बजे तक कनक वृन्दावन घाटी से नाहरगढ़ किले तक सफाई की जाएगी। इस अभियान के तहत पूरे

मार्ग को दस जोन में विभाजित किया जाएगा और हर जोन में सौ से डेढ़ सौ लोगों की टीम श्रमदान करेगी। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से जयपुर में सात दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण से हो रहे दुष्प्रभावों पर चर्चा की जा रही है।

.................................................

अलवर के सरिस्का बाघ अभ्यारण्य में पांच और नये शावक नजर आने से वन्यजीव प्रेमी उत्साहित हैं। इनमें से चार शावक बाघिन एसटी–22 के और एक शावक बाघिन एसटी–12 का है। वर्ष 2008 के बाद सरिस्का में पहली बार किसी बाघिन ने एक साथ चार शावकों को जन्म दिया है। सरिस्का में अब बाघों की कुल संख्या बढ़कर चालीस हो गयी है, जिनमें 11 बाघ, 14 बाघिन और 15 शावक हैं।

.................................................